17. विश्व की नहरें

1. पनामा नहर किन दो महासागरों को जोड़ती है?
   (a) भूमध्य सागर एवं लाल सागर
   (b) प्रशान्त महासागर एवं अटलांटिक महासागर
   (c) अरब सागर एवं हिन्द महासागर
   (d) भूमध्य सागर एवं अटलांटिक महासागर

2. पनामा नहर व्यापारिक दृष्टि से स्वेज नहर की अपेक्षा कम महत्वपूर्ण है क्योंकि
   (a) पनामा नहर लम्बाई में छोटी है।
   (b) पनामा नहर समतल भूमि पर नहीं है।
   (c) घने आबाद देशों का व्यापार पनामा नहर के द्वारा नहीं होता है।
   (d) पनामा नहर में जल-पाश (Locks) बने हैं।

3. पनामा नहर के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है ?
(a) यह मार्ग पहले एक डेल्टा के रूप में था।
(b) संसार का 25 प्रतिशत व्यापार इस नहर के द्वारा होता है।
(c) यह नहर अटलांटिक महासागर व प्रशान्त महासागर को मिलाती है।
(d) इस मार्ग की लम्बाई 64.8 किमी० है।

4. पनामा नहर के उत्तरी सिरे पर कौन-सा पत्तन स्थित है ?
(a) पनामा (b) कोलोन (c) गाटुन (d) मिराफ्लोरेस

5. पनामा नहर के दक्षिणी सिरे पर स्थित पत्तन है—
(a) पनामा (b) कोलोन (c) पोर्ट सईद (d) गाटुन

6. विश्व की सबसे बड़ी जहाजरानी नहर है—
(a) पनामा नहर (b) स्वेज नहर (c) कील नहर (d) सू नहर

7. स्वेज नहर जोड़ती है—
(a) भूमध्य सागर को लाल सागर से
(b) भूमध्य सागर को कैस्पियन सागर से
(c) लाल सागर को हिन्द महासागर से
(d) भूमध्य सागर को हिन्द महासागर से *[RRB 2004, SSC 2012]*

8. स्वेज नहर के उत्तरी सिरे पर कौन-सा पत्तन स्थित है ?
(a) कोलोन (b) पोर्ट सईद (c) स्वेज (d) पोर्ट फौद

9. स्वेज नहर के दक्षिणी सिरे पर कौन-सा पत्तन स्थित है ?
(a) स्वेज (b) पोर्ट सईद
(c) इस्माइलिया (d) पोर्ट तौफीक

10. स्वेज नहर में झालों का पूर्णतः अभाव क्यों पाया जाता है ?
(a) झालों के कारण जलयान का प्रवाह प्रभावित होता है।
(b) स्वेज नहर के उपयोग के लिये कोई शुल्क नहीं लिया जाता है।
(c) नहर के दोनों किनारों एवं समुद्र तल के जल स्तर में समानता पायी जाती है।
(d) स्वेज नहर विश्व के सभी देशों के जलयानों को आवागमन की सुविधा प्रदान करती है।

11. स्वेज नहर का निर्माण कब प्रारम्भ हुआ ?
(a) 1854 ई० (b) 1869 ई० (c) 1874 ई० (d) 1896 ई०

12. स्वेज नहर कब बनकर तैयार हुई ?
(a) 1854 ई० (b) 1869 ई० (c) 1881 ई० (d) 1881 ई०

13. स्वेज नहर की लम्बाई कितनी है ?
(a) 64·8 km (b) 106·5 km (c) 156·4 km (d) 168 km

14. सू-नहर निम्नलिखित में किसको जोड़ती है ?
(a) सुपीरियर को मिशीगन से (b) सुपीरियर को ह्यूरन से
(c) मिशीगन को ह्यूरन से (d) ईरी को ह्यूरन से

15. कील नहर जोड़ती है—
(a) मैनचेस्टर को लिवरपुल से
(b) उत्तरी सागर को बाल्टिक सागर से
(c) भूमध्य सागर को लाल सागर से
(d) प्रशान्त महासागर को अटलांटिक महासागर से

16. कौन-सी नहर बाल्टिक सागर को उत्तरी सागर से मिलाती है ?
(a) स्वेज (b) पनामा (c) कील (d) सू *[RRB 2005]*

17. क्रा नहर (Kra canal) निम्नलिखित में से किस देश में स्थित है ?
(a) म्यान्मार (b) थाईलैंड (c) कम्बोडिया (d) लाओस

18. पनामा जलडमरूमध्य के आर-पार नहर खोदने का विचार रखा था—
(a) टॉलमी ने (b) स्ट्रोबा ने (c) रैटजेल ने (d) हम्बोल्ट ने

19. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है ?
(a) कील नहर जर्मनी में है, यह उत्तरी सागर और बाल्टिक सागर के बीच है।
(b) स्वेज नहर मिस्र में है, यह लाल सागर एवं भूमध्य सागर को जोड़ती है।
(c) पनामा नहर पनामा में है, यह कैरीबियन सागर और प्रशान्त महासागर को जोड़ती है।
(d) सू-नहर स्वीडन में है, यह स्टॉकहोम तथा गोटेनबर्ग के बीच है।

20. स्वेज नहर के खुलते ही निम्नलिखित में से किसके बीच समुद्री यात्रा का मार्ग छोटा हो गया ?
(a) लंदन—न्यूयार्क (b) लंदन—पेरिस
(c) लंदन—केप ऑफ गुड होप (d) लंदन—चेन्नई *[RRB 2003]*

21. पनामा नहर स्वेज नहर से भिन्न है, क्योंकि—
(a) इसमें लॉक (जलपाश) प्रणाली है (b) इसका मार्ग छोटा है
(c) इसका मार्ग व्यस्त है (d) इसका मार्ग कम व्यस्त है *[SSC 2014]*

22. पनामा नहर का निर्माण किस वर्ष हुआ था ?
(a) 1869 ई० (b) 1980 ई० (c) 1905 ई० (d) 1914 ई० *[SSC 2014]*

उत्तरमाला

1. (b) 2. (c) 3. (a) 4. (b) 5. (a) 6. (b) 7. (a) 8. (b) 9. (a) 10. (c) 11. (a) 12. (b) 13. (d)
14. (b) 15. (b) 16. (c) 17. (b) 18. (d) 19. (d) 20. (d) 21. (a) 22. (d)